


नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026



# अब रेलवे की तर्ज पर महाकाल भस्मारती की तत्काल बुकिंग

## एक दिन पहले सुबह 8 बजे खुलेगी विंडो, ऑफलाइन बंद

## समिति रोजाना करीब 1700 भस्मारती की परमिशन जारी कर रही थी

**उज्जैन।** अब रेलवे की तर्ज पर ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर की भस्मारती की तत्काल परमिशन श्रद्धालुओं को दी जाएगी। इसके लिए प्रतिदिन सुबह 8 बजे विंडो खुलेगी। मंदिर समिति ने भस्मारती की बुकिंग में हाल ही में यह बड़ा बदलाव किया है। अभी मंदिर समिति श्रद्धालुओं को एक दिन पहले नि:शुल्क ऑफलाइन परमिशन दे रही थी जिसे अब पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब टोटल परमिशन को ऑनलाइन कर दिया है। साथ ही पूर्व में 3 माह पहले तक होने वाली भस्मारती की बुकिंग का समय भी बदलकर उसे अब 1 माह कर दिया गया है। मंदिर समिति ने भस्मारती परमिशन के नियमों को लेकर दो बड़े बदलाव किए हैं। श्रद्धालुओं को जहां सुविधा दी है, तो वहीं नि:शुल्क मिलने वाली भस्मारती परमिशन के लिए भी श्रद्धालुओं को अब प्रति परिमशन के 200 रुपए चुकाने होंगे। महाकाल मंदिर समिति रोजाना करीब 1700 भस्मारती की परमिशन ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से जारी कर रही थी। जिसमें 300 परमिशन ऑफलाइन होती थी। श्रद्धालुओं को एक दिन पहले महाकाल मंदिर के काउंटर पर करीब 5 से 6 घंटे लाइन में लगकर आरती की परमिशन कराना पड़ती थी। अब ऑफलाइन परिमशन नहीं मिलेगी। श्रद्धालुओं को घंटों तक खड़े रहने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। समिति ने इसी अप्रैल माह से ऑफलाइन परमिशन को बंद करने का निर्णय लिया था जिसे लागू कर दिया है। समिति ने अब एक दिन पहले होने वाली बुकिंग को तत्काल कोटे का नाम देकर 300 परमिशन जारी करने की व्यवस्था की है।



### श्रद्धालु मंदिर की इस वेबसाइट पर भस्मारती बुकिंग करा सकेंगे

महाकाल मंदिर समिति की इस वेबसाइट https://www.shrimahakaleshwar.mp.gov.in/ के माध्यम से श्रद्धालु ऑनलाइन 200 रुपए जमा कर तत्काल कोटे में आवेदन कर परमिशन ले सकेंगे। तत्काल भस्मारती बुकिंग के लिए चयनित तिथि से 1 दिन पहले सुबह 8 बजे पोर्टल खुलेगा। जैसे आपको 17 अप्रैल के लिए बुकिंग करनी है, तो पोर्टल 16 अप्रैल की सुबह 8 बजे खुलेगा। भस्मारती की बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी। बुकिंग सिर्फ 300 दर्शनार्थियों के लिए होगी। भस्मारती की नियमित बुकिंग के लिए मंदिर समिति पहले तीन माह पूर्व से बुकिंग कर लेती थी। अब इसे एक माह पहले तक कर दिया है। जैसे मई माह के लिए नियमित बुकिंग विंडो 21 अप्रैल 2026 को सुबह 8 बजे से खुल जाएगी। जून माह एवं आगामी महीनों हेतु बुकिंग एक महीने पहले, हर माह की 1 तारीख को सुबह 8 बजे खुलेगी। जून की बुकिंग 1 मई से और जुलाई की बुकिंग 1 जून से प्रारंभ होगी।

### संध्या आरती और शयन आरती में कर चुके बदलाव

महाकाल मंदिर समिति दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन हेतु नित्य होने वाली संध्या आरती, रात में होने वाली शयन आरती में भी 19 फरवरी से बदलाव कर चुकी है। इन दोनों आरतियों की बुकिंग 250-250 रुपए का शुल्क लेकर ऑनलाइन की जा रही है। साथ ही शुल्क नहीं देने वाले भक्तों को चलित दर्शन की व्यवस्था भी चालू रखी गई है। संध्या आरती के लिए बुकिंग पोर्टल प्रतिदिन दोपहर 12 बजे खुलेगा। बुकिंग पश्चात आरती दर्शन हेतु अंतिम प्रवेश समय सायं 6 बजे तक। शयन आरती के लिए बुकिंग पोर्टल प्रतिदिन शाम 4 बजे खुलेगा। बुकिंग पश्चात आरती दर्शन अंतिम प्रवेश समय रात्रि 10 बजे तक।



# फिरोजिया ट्रॉफी पर महाराष्ट्र का कब्जा, 4 दर्शकों ने जीते नकद इनाम

**उज्जैन।** क्षीरसागर मैदान पर आयोजित स्व. भूरेलाल फिरोजिया स्मृति अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। महाराष्ट्र बुट्टीबोरी नागपुर, गुजरात और मध्य प्रदेश की टीमों के बीच हुए इन मुकाबलों में महाराष्ट्र बुट्टीबोरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैच के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कपिल कटारिया और चरणजीत सिंह सनी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में मैच के रोमांच में कैच लपकने वाले चार दर्शकों को सांसद अनिल फिरोजिया की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। 12 से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस बड़े ओपन टूर्नामेंट के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दो मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। विजेता टीम को 5 लाख 51 हजार रुपए और उपविजेता को 2 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज के रूप में मोटरसाइकिल प्रदान की जाएगी।

# निरीक्षण में बोले कलेक्टर-केंद्रों पर उपार्जन सुबह 8 बजे से शुरू करें

- निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट भी मौजूद रहे

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट के साथ बुधवार को जिले के उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग ,छांव, पेयजल, मेडिकल सुविधा ,उपार्जन प्रक्रिया आदि व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने किसानों की सुविधा के दृष्टिगत उपार्जन कार्य तेजी से करने के लिए उपार्जन सुबह 08 बजे से शुरू करने और प्रत्येक समिति को कम से कम चार तौल कांटों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सबसे पहले ग्राम मानपुरा स्थित उपार्जन केंद्र अडानी एग्रो स्टील सायलो का निरीक्षण किया। इसके पश्चात देवास रोड स्थित कल्याण एक्सप्रेस वेयरहाउस केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने उपार्जन केंद्र अडानी एग्रो स्टील सायलो केंद्र ग्राम मानपुरा पर गेहूं के परीक्षण की प्रक्रिया देखी। जिले में उपार्जन केंद्रों पर गेहूं उपार्जन स्लॉट बुकिंग कर सुव्यस्थित रूप से किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान ग्राम निनोरा के कृषक तंवर से चर्चा कर उपार्जन की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने देवास रोड स्थित कल्याण



### महिदपुर भी पहुंचे

इसके पश्चात कलेक्टर सिंह ने महिदपुर स्थित कृषि उपज उपमंडी समिति खेड़ा खजुरिया उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में महिदपुर स्थित ग्रामकों वेयरहाउस में समिति कोसोंन और स्व-सहायता समूह भारत माता उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर भुगतान की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इसके साथ ही अन्य केंद्रों को भी कलेक्टर ने देखा ।

# वृद्ध सास को जलाकर मारने का प्रयास

**उज्जैन।** जमीन विवाद को लेकर बहू ने अपनी बेटियों के साथ मिलकर 100 साल की सास से विवाद किया और खेत में जल रहे खापों के बीच फेंक दिया। झुलसी हालत में बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया है। तराना के ग्राम लसूडिया बेचर से झुलसी हालत में रामकुंवर बाई पति इंदु सिंह 100 साल को पोते विजय और कृपाल उपचार के लिए रात में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। पोते विजय ने बताया कि दादी के तीन बेटे थे एक रमेश सिंह दूसरा मोड़सिंह और तीसरा मेहरबान सिंह।

### 11 बीघा जमीन को लेकर चल रहा विवाद

कुछ साल पहले मेहरबान ने 11 बीघा जमीन खरीदी थी, लेकिन वर्ष 2018 में मेहरबान की मौत हो गई। उसके द्वारा खरीदी गई 11 बीघा जमीन रामकुंवरबाई के पास थी, उनका कहना था कि 11 बीघा जमीन का तीनों भाइयों के परिवार के बीच बटवारा किया जाएगा, लेकिन मेहरबान की पत्नी कृष्णाबाई जमीन का बंटवारा नहीं चाहती थी और आए दिन विवाद करने लगी थी। जिसके चलते दादी अपने दो बेटे रमेश और मोडसिंह के साथ रहने लगी थी। मंगलवार शाम को कृष्णाबाई अपनी दो बेटी पूजा और कविता के साथ घर आई और दादी से विवाद करने लगी तीनों ने दादी को उठाकर घर के समीप खेत में जल रहे खापों के बीच पटक दिया। जिसके चलते दादी के हाथ पैर झुलस गए हैं। दोनों पोते विजय और कृपाल का कहना था कि ग्रामीणों की मदद से दादी को बचाया और उपचार के लिए उज्जैन लेकर आए हैं। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

## एक नजर में

### ज्ञान से बढ़ती है विनम्रता और सेवा की भावना

**उज्जैन।** दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने बुरहानपुर के लोधीपुरा स्थित हकीमी मस्जिद में सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन की पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। ऐतिहासिक दरगाह-ए-हकीमी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में देश-दुनिया से करीब 20 हजार समाजजन एकत्र हुए। विश्रामरत सैयदी हकीमुद्दीन के प्रति संपूर्ण बोहरा समाज में गहरी आस्था है और बुरहानपुर शहर इस धरोहर का प्रमुख केंद्र है। अपने संबोधन में धर्मगुरु ने बोहरा समाज के इतिहास में बुरहानपुर के अद्वितीय स्थान को रेखांकित करते हुए इसे ज्ञान, निष्ठा और सेवा से निर्मित शहर बताया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे व्यक्ति की बुद्धिमत्ता और समझ का विस्तार होता है, वैसे-वैसे उसकी नम्रता और दूसरों की मदद करने की इच्छा भी बढ़नी चाहिए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से पूर्व विद्वानों की विरासत से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन और समाज सेवा पर आधारित जीवन व्यतीत करने का आह्वान किया। सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन का जन्म वर्ष 1665 में समुदाय के 34वें दाई सैयदना इस्माइल बदरुद्दीन के काल में हुआ था। वे अपनी विद्वता में अद्वितीय थे। उन्होंने उर्दू, संस्कृत, फारसी और अरबी भाषा में कई प्रभावशाली रचनाएं कीं। अपनी विनम्रता और बौद्धिक गहराई के लिए प्रसिद्ध सैयदी हकीमुद्दीन बुरहानपुर के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास की सबसे सम्मानित हस्तियों में गिने जाते हैं।

### वर्जिन मेरी स्कूल की सफलता बरकरार



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में वर्जिन मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय की छात्रा अनन्या सक्सेना ने 96 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के 282 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि 40 विद्यार्थियों ने 85त्न से अधिक अंक प्राप्त किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर लैपटॉप योजना के अंतर्गत विद्यालय के कुल 100 मेधावी विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन द्वारा कुल 25 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विद्यालय परिवार की इस उपलब्धि पर शक्ति सिंह चौधरी, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. माधवी वर्मा, सौरभ चौधरी एवं प्राचार्य ब्रजेश बागड़ी सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिक्षा मंत्री और कलेक्टर को लिखा पत्र

**उज्जैन।** नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही भीषण गर्मी ने विद्यार्थियों और पालकों की परेशानी बढ़ा दी है। तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंचने के कारण दोपहर की पाली में संचालित हो रहे स्कूलों का समय बदलकर सुबह करने की मांग उठने लगी है। इस संबंध में मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर निर्झर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को पत्र लिखा है। डॉ. ठाकुर ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में कई स्कूल सुबह 10 .30 बजे से शाम 4 .30 बजे तक संचालित हो रहे हैं। इस झुलसा देने वाली गर्मी में दोपहर के समय स्कूलों के संचालन से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है।

### लायंस क्लब द्वारा परिचर्चा का आयोजन

**इंदौर** . लायंस क्लब और अपोलो हॉस्पिटल विजय नगर के संयुक्त तत्वाधान में राष्टीय हॉकी खिलाड़ी व कोच गोल्ड मेडल से सम्मानित गोलकीपर मीर रंजन नेगी के मुख्य आथित्य में निशुल्क ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारी व घुटनों व जोड़ों के दर्द पर सारगर्भित व प्रभावी परिचर्चा का आयोजन किया गया . जिसमें प्रदेश के जाने-माने ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर सुनील राजन द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन से घुटनों की बीमारी के लक्षणों की जानकारी व आधुनिकतम रोबोटिक सर्जरी द्वारा निदान कर कम समय में कैसे ठीक किया जा सकता है उसके बारे में सारगर्भित जानकारी दी .

# जीजा ने पिता के साथ मिलकर साले को मारे चाकू

**उज्जैन। बहन का कॉल आने पर भाई उसके ससुराल पहुंचा तो बहन के पति ने अपने पिता के साथ मिलकर चाकू मार दिए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है घायल को उपचार के लिए उज्जैन रेफर किया गया है।**

झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला सिया में रहने वाले विकास पिता गोपाल की बहन पूजा का विवाह महिदपुर के समीप ग्राम आक्या लिम्बा में हुआ है। मंगलवार शाम पूजा ने भाई विकास को कॉल किया और कहा कि तेरे जीजा शराब पीकर मारपीट कर रहे हैं लेने आजा। विकास बाइक से बहन के ससुराल पहुंचा और जीजा राहुल को समझने का प्रयास करने लगा लेकिन जीजा और गुस्से में आ गया और उसने विवाद शुरू कर दिया। इसी बीच जीजा के पिता हीरालाल भी बीच में आ गए और उन्होंने विकास के दोनों हाथ पकड़ लिए तभी जीजा राहुल ने चाकू से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। चाकू के दो से तीन घाव लगने पर विकास खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोग एकत्रित हुए तो चाकू मारने वाले पिता पुत्र भाग निकले। घायल विकास को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे रात में उज्जैन रेफर किया गया है। मामले में महिदपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वाले पिता पुत्र की तलाश शुरू की है।

# मुख्यमंत्री के गृह नगर में छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

- बोर्ड परीक्षा परिणामों में उछाल, प्रावीण्य सूची 14 ने बनाई जगह

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है, 10वीं और 12वीं के परिणाम में बेटियों ने एक बार फिर परचम लहराया है ,उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने उज्जैन से लेकर महिदपुर तक छात्र-छात्राओं का सम्मान किया।

वर्ष 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है। कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के परिणामों में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है। जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार से रिजल्ट आने के बाद महिदपुर भी पहुंचे और वहां पर अनेक स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई। सरकारी स्कूलों में जो प्रदर्शन किया है ऐसे में शिक्षको का भी कलेक्टर ने आभार जताया।

कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 80.57 प्रतिशत से बढ़कर 83.03 प्रतिशत हो गया, जो लगभग 2.5 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम 79.99 प्रतिशत से बढ़कर 86.23 प्रतिशत पहुंचा, जिसमें 6.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

देश की प्रावीण्य सूची में भी उज्जैन जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं में 8 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। आस्था रांका ने 494 अंक हासिल कर छठवां स्थान प्राप्त किया। कल्पना दबीया और उर्वशी शर्मा ने 493 अंक के साथ सातवां स्थान, शांति ने 491 अंक के साथ नौवां और सृष्टि श्रीपाल ने 490 अंक के साथ दसवां स्थान हासिल किया।



### कक्षा 12 वीं में 6 विद्यार्थी टॉप रहे

कक्षा 12वीं में 6 विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में जगह बनाई। कला संकाय में ज्योति यादव ने 485 अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में राधिका मालवीय ने 485 अंक के साथ छठवां और सलोनी पण्डया ने 481 अंक के साथ दसवां स्थान हासिल किया। इधर जिले के 28 स्कूलों ने कक्षा 10वीं और 6 स्कूलों ने कक्षा 12वीं में 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। कक्षा 10वीं में 7517 में से 6207 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि कक्षा 12वीं में 6110 में से 5267 विद्यार्थी सफल रहे।

# सेन जी महाराज के जन्मोत्सव पर शिप्रा तट पर हुई महाआरती

**उज्जैन।** सेनजी महाराज का 726वां जन्मदिन उज्जैन सर्वसेन समाज ने भव्यता के साथ मनाया। भारती सर्व सेन समाज संगठन अवन्तिका के तत्वावधान में आयोजित 38वें सेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय आयोजन हुआ जिसमें प्रथम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

वहीं दूसरे दिन शिप्रा तट रामघाट स्थित सेन मंदिर पर सेनजी महाराज का श्रृंगार, अभिषेक और पूजन-आरती संपन्न हुई। संध्या 7.30 बजे सेनजी महाराज की महाआरती की। महाआरती के पश्चात गणगौर दरवाजा स्थित दशोरा समाज धर्मशाला पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। इस दौरान पुरस्कार भी वितरित किए गए।

सर्वसेन समाज के अध्यक्ष शिवनारायण झाला, सेन जयंती अध्यक्ष ओम गहलोत, भारत श्रीवास और सुरेन्द्र सेन ने बताया कि कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के वरिष्ठ सुरेश सोलंकी ने किया। सम्मान समारोह के पश्चात आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में समाजजनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।



### इनकी रही उपस्थिति और सहयोग

आयोजन में समाज के वरिष्ठ शेखर श्रीवास, कन्हैयालाल सेन, रामप्रसाद वर्मा, उमेश भाटी, मुकेश सेन झांसी, संजय सेन और रूपेन्द्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव को सफल बनाने में युवा वर्ग के महेंद्र सेन दाऊ, महावीर सेन, शीतल परमार, पवन सेन, रोहित वर्मा और धर्मेन्द्र खोरिया का विशेष सहयोग रहा।

# कॉसमॉस मॉल के सामने जल मंदिर का शुभारंभ

- बजरंगलाल हरभजनका ने हाल के नवीनीकरण के लिए दिए 5 लाख

**उज्जैन।** अग्रवाल विकास समिति द्वारा कॉसमॉस मॉल के सामने आम नागरिकों की सुविधार्थ शीतल जल की प्याऊ (जल मंदिर) का शुभारंभ किया गया। संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल एवं अजीत मंगलम ने बताया कि जल मंदिर का लोकार्पण पंचायत अध्यक्ष निमेष अग्रवाल और श्याम बंसल के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस क्षेत्र में मंगलवार को बाजार लगने तथा चौपाटी होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, जिसे देखते हुए यहां शीतल जल की नितांत आवश्यकता थी। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, बजरंगलाल हरभजनका, अभय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। समिति की कार्यकारिणी बैठक में महाराजा अग्रसेन भवन के विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान बजरंग लाल हरभजनका ने 5 लाख रुपये का चेक भेंट किया। इसी बैठक में संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल ने भवन में पानी की सुविधा के लिए खुदवाए गए कुएं की लागत 50 हजार रुपये में अपनी ओर से एक हजार मिलाकर कुल 51 हजार रुपये समिति को दान देने की घोषणा की।

# मक्सी रोड ब्रिज से कूदी छात्रा, हाथ पैर टूटे

**उज्जैन।** कक्षा 12वीं की छात्रा ने बुधवार के ऊपर मक्सी रोड ब्रिज से कूद कर जान देने का प्रयास किया। लेकिन उसके हाथ पैर टूट गए। घायल छात्रा को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया सहेली ने परिजनों को सूचना दी। छात्रा ने अपना रिजल्ट देखने के बाद आत्मघाती कदम उठाया था। दशहरा मैदान स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 12वीं की छात्रा दीपिका पिता कैलाश मालवीय 18 साल नानाखेड़ा लोहार पट्टी की रहने वाली है। बुधवार को बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ था वह अपना रिजल्ट देखने के लिए सहेली के घर गोपालपुरा पहुंची थी। जहां से दोनों रिजल्ट देखने एमपी ऑनलाइन पर गए वापस लौटने पर दीपिका को एक विषय में पूरक आई थी, जिसके चलते वह डिप्रेशन में आ गई थी। उसने सहेली को घर छोड़ा और अपने घर जाने का बोलकर निकल गई। लेकिन वह घर ना जाकर गोपालपुरा मक्सी रोड ब्रिज पर और ऊपर से ही कूद गई। घटनाक्रम की जानकारी सहेली को मिली तो वह तत्काल ब्रिज के नीचे पहुंची और दीपिका को अस्पताल पहुंचाया। पंवासा थाना पुलिस के अनुसार घायल छात्र के बयान दर्ज किए गए हैं। उसका एक हाथ और एक पैर फैक्चर हुआ है निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। छात्र ने पूरक आने पर इस तरह का कदम उठाने की बात कही है। घटना की जानकारी घायल छात्र की सहेली यांशिका नागवंशी ने उसके परिजनों को दी थी इसके बाद परिवार अस्पताल पहुंच गया था।

**आगजनी का मामला** ढांचा भवन में रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी

# पुलिस कस्टडी से भागने के प्रयास में बदमाश हुआ घायल

**उज्जैन। ढांचा भवन स्थित मकान में हुई आगजनी की घटना में शामिल बदमाश ने मंगलवार रात पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया। लेकिन अंधेरे में गिरकर घायल हो गया। बदमाश का पुलिस ने प्राथमिक उपचार कराया गया है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात 12 से 15 बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी और गोलियां चलाई थीं। मकान में लगी आग की शिकायत रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर द्वारा पुलिस को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो उसमें 5 बाइक से आये बदमाश आगजनी के साथ गोली चलाते दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये थे। सोमवार-मंगलवार रात आगजनी में शामिल कमल पिता संतोष परमार 22 साल निवासी निजातपुरा को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में उसने आगजनी में अपने साथियों के नाम बताये। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने उसके फरार साथियों के संबंध में पूछताछ शुरू की।



### रात में साथियों का ठिकाना श्री सिंथेटिक्स था

कमल ने बताया कि रात में साथियों का ठिकाना मक्सीरोड श्री सिंथेटिक्स के जंगल में होता है। थाना प्रभारी कनोड़िया, एसआई जयदीप राठौर, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप, जगदीश के साथ उसे लेकर साथियों की तलाश में मंगलवार रात श्री सिंथेटिक्स के जंगल पहुंचे, जहां अंधेरे का फायदा उठाकर कमल ने पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया। लेकिन पत्थरों से टकराने के बाद बदमाश करे चोंट लगी। पुलिस ने उसे तत्काल दबोच लिया और कस्टडी में लेकर रात 11 बजे चरक अस्पताल आई।